M.P. Council of Science & Technology
म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
26, किसान भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462 004
26, Kisan Bhavan, Jail Road, Arera Hills, Bhopal - 462004
Tel # 553353, Fax. 0755 - 554365, 553929,
E-mail : mpcost @ mp.nic.in

क्रमांक/ 6440 /सीएसटी/का.सं./2000,
भोपाल, दिनाँक 8.03.2000

समस्त सदस्यगण
कार्यकारी समिति

दिनाँक 3.2.2000 को सम्पन्न हुई परिषद की कार्यकारी समिति की 39 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण ।

...

विषयान्तर्गत म.प्र.विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की 39 वीं बैठक .2.2000 को माननीय मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । उक्त बैठक ही विवरण की एक प्रति माननीय मंत्री जी/अध्यक्ष कार्यकारी समिति से अनुमोदन पश्चात् र सलंग्न प्रेषित की जा रही है ।

न्यवाद,

रोक्तानुसार ।

(डॉ. आभा स्वरूप)
कार्यकारी संचालक
एवं संयोजक, कार्यकारी समिति

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल

दिनाँक 3.2.2000 को आयोजित कार्यकारी समिति की 39 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

दिनाँक 3.2.2000 को परिषद की कार्यकारी समिति की 39 वीं बैठक माननीय मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा जी की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित समिति कक्ष में अपरान्ह 3.00 बजे सम्पन्न हुई । बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें -

1. श्री नरेन्द्र नाहटा,
मानननीय मंत्री जी एवं
अध्यक्ष, कार्यकारी समिति — अध्यक्ष

2. श्री रॉबर्ट हंरग्डोला,
प्रमुख सचिव,
म.प्र. शासन,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग — सदस्य

3. सी.एस.चड्डा,
प्रमुख सचिव,
म.प्र. शासन,
उच्च शिक्षा विभाग — सदस्य

4. प्रो.आर.के.एस.चौहान,
कुलपति,
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन — सदस्य

5. डॉ.व्हाय.के.शर्मा
संचालक, तकनीकी शिक्षा
तकनीकी शिक्षा संचालनालय — सदस्य

6. डॉ.एस.एन.द्विवेदी
महानिदेशक,
मेपकास्ट भोपाल — सदस्य

डॉ.आर.के.सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.भोपाल

7. डॉ.आभा स्वरूप
कार्यकारी संचालक — संयोजक

सर्वप्रथम महानिदेशक, म.प्र.विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय से बैठक आरम्भ करने की अनुमति प्राप्त करते हुए कार्यसूचियों पर चर्चा आरम्भ हुई ।

कार्यसूची (1) दिनांक 6 जुलाइ 99 को सम्पन्न कार्यकारी समिति की 38 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का सत्यापन ।

उक्त बैठक के कार्यवाही विवरण का समिति द्वारा सत्यापन कर पुष्टि की गई ।

(2) 38 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।

1. परिषद द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रस्तावित परियोजनाएँ/गतिविधियाँ तथा आगामी दो वर्षों में किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा ।

समिति अवगत हुई एवं किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया ।

2. परिषद में पाँचवे वेतनमान के एरियर्स का भुगतान ।

समिति अवगत हुई एवं की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई ।

3. परिषद में गृप ग्रेज्युटी योजना लागू करने बाबत ।

समिति ने बताया कि यह योजना लागू करना अनिवार्य है तथा इसके लिए शासन के आदेश की आवश्यकता भी नहीं है । अतः तत्काल इसे लागू किये जाने का समिति ने अनुमोदन किया ।

4. भविष्य निधि प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के अन्तर्गत कर्मचारी एवं नियोक्ता के अंशदान के संबंध में ।

समिति द्वारा विस्तृत विवरण के साथ प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ।

5. वाहन चालकों को क्रमोन्नत वेतनमान दिये जाने बाबत ।

परिषद द्वारा की गई कार्यवाही से समिति अवगत हुई ।

6. निःशक्त (व्यक्ति समान अवसर, संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 की धारा 39 के प्रावधान अनुसार शिक्षा एवं अन्य संस्थानों में निःशक्त व्यक्तियों हेतु 3% आरक्षण एवं शासन के निर्देशानुसार सेवा में महिलाओं का आरक्षण ।

समिति ने निर्देश दिये कि परिषद में कुल स्वीकृत पदों के अनुसार आरक्षित पदों की जानकारी सहित प्रस्ताव शासन को भेजा जाये तदोपरान्त आगामी कार्यकारी समिति में प्रस्तुत किया जाये ।

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी, संचालक
म.प्र.वि. एवं प्रौद्यो. परिषद

जा/जनजा• तथा पिछड़ा वर्ग से भरे जाने वाले आरक्षित पदों पर नियुक्तियों के लिए
भर्ती अभियान ।

द्वारा की गई कार्यवाही से समिति अवगत हुई एवं पुष्टि की गई ।

अनुदान योजना के संबंध में ।

द्वारा की गई कार्यवाही की समिति द्वारा पुष्टि की गई ।

एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक नीति एवं परामर्श एवं कार्यवाही
।

अवगत हुई ।

एवं प्रौद्योगिकी के भवन निर्माण योजना ।

अवगत हुई ।

के कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार गृह निर्माण, भूखण्ड क्रय, भवन मरम्मत
अग्रिम स्वीकृत करने बाबत ।

ने निर्देश दिये कि इस बाबत शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन
किया जाये ।

.पी.सेन सहायक संचालक को यूजीसी वेतनमान स्वीकृत करने बाबत ।
नियमों में विसंगति बाबत ।

द्वारा ऐसे प्रकरणों पर गठित समिति में वित्त विभाग के प्रतिनिधि को भी सम्मिलित करने
ने निर्देश दिये । एक सदस्य भोपाल से बाहर के संस्थान से भी रखे जाने हेतु समिति ने
।

का प्रस्तावित बजट प्रावधान वर्ष 1999-2000 का अनुमोदन ।

अवगत हुई ।

का वित्तीय आँकलन एवं वर्ष 1996-97, 97-98 के अंकेक्षित लेखों का
।

अवगत हुई ।

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौ.परि. भोपाल

.6. परिषद में नियुक्ति के संबंध में हुई अनियमितताओं की जाँच के संबंध में ।

समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि यह प्रक्रिया एक लंबी अवधि से जारी है । अत: 15 दिवस में इस बाबत गठित समिति का प्रतिवेदन प्राप्त किया जाये एवं प्रतिवेदन को आगामी बैठक में रखा जाये ।

**कार्यसूची (4) राज्य शासन द्वारा मितव्ययता के संदर्भ में पदों को कम करने हेतु लिऐ गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में परिषद के कतिपय पदों को समाप्त करने पर विचार ।**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये गये इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव बनाकर प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को भेजा जाये एवं तदानुसार आगामी कार्यकारी समिति में रखा जाये ।

**कार्यसूची (5) परिषद का बजट प्रावधान वर्ष 2000-2001**

समिति द्वारा परिषद का प्रस्तावित बजट रू. 663.70 लाख अनुमोदित किया ।

**कार्यसूची .(6) शासकीय सेवाओं में भतपूर्व सैनिकों को आरक्षण दिये जाने बाबत ।**

समिति ने निर्देश दिये कि इस संबंध में शासन के निर्देशों की पुर्नपुष्टि उपरान्त प्रस्ताव शासन को भेजा जाये एवं तदानुसार कार्यवाही करें ।

**कार्यसूची (7) शासकीय व्यय में मितव्यता ।**

समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐसे भत्ते जो शासन की तुलना में भिन्न है पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजे एवं प्रमुख सचिव विशेष रूप से यह ध्यान रखना चाहेंगे कि शासन के निर्देशों का पालन व्यवहारिक रूप से सुनिश्चित हो सके ।

**कार्यसूची (8) भोपाल विकास प्राधिकरण से अंजता काम्पलेक्स इन्द्रपुरी में 6 परिवर्तित एम.आई.जी. एवं 20 एल.आई.जी. भवनों के क्रय में अधिक भुगतान राशि रू. 1,77,096 एवं एम.आई.जी. भवनों का निर्णायक मानक प्रस्तुत न करना ।**

परिषद द्वारा की गई कार्यवाही से समिति अवगत हुई एवं प्रस्तावित कार्यवाही का अनुमोदन किया ।

डॉ.आर.के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल

**कार्यसूची (9) पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ यूजीसी वेतनमान में कार्यरत् वैज्ञानिकों को दिये जाने बाबत ।**

समिति ने निर्देश दिये कि प्रस्ताव प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से वित्त विभाग को भेजा जाये ।

कार्यसूची (10) पेंटेंट सेल परियोजना में डॉ.राजेन्द्र डोभाल वैज्ञानिक की सेवाओं बाबत ।

समिति ने निर्देश दिये गये इनकी नियुक्ति का प्रस्ताव का विस्तृत विवरण बनाया जाये जिसमें समय समय पर की गई भिन्न भिन्न प्रकार की नियुक्ति तथा दरों का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को भेजा जाये । समिति ने यह भी निर्देश दिये कि इन्हें वेतनमान न दिया जाकर संकलित वेतन (वर्तमान में प्राप्त कर रहे वेतन की उच्चतम कुल राशि) दिया जाये एवं संविदा नियुक्ति परियोजना अवधि तक के लिए ही अनुमोदित है ।

कार्यसूची (11) कार्यपरिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में दिये गये अनुमोदन ।

समिति ने श्री धापू को एक वर्ष की सेवावृद्धि 3.2.2001 तक दिये जाने का अनुमोदन दिया

कार्यसूची (12) **सुदूर संवेदन उपयोग केन्द्र में कार्यरत् वैज्ञानिकों एवं मानचित्रकारों के वेतन भुगतान बाबत ।**

समिति ने निर्णय लिया कि इस पर पूर्ण प्रस्ताव बनाया जाये जिसमें वर्तमान में पदों की स्थिति, भार का आँकलन प्रति वैज्ञानिक/कार्टोग्राफर दर्शाते हुए पुर्न-संरचना का प्रस्ताव आगामी कार्य समिति के समक्ष रखा जाये ।

कार्यसूची (13) **परिषद के महानिदेशक को आवासीय कार्यालय में इंटरनेट की सुविधा ।**

महानिदेशक के आवासीय कार्यालय में स्थापित इन्टरनेट सुविधा पर समिति ने परिषद के पूर्व किये गये भुगतान का अनुमोदन किया ।

कार्यसूची (14) अ- **राज्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणाली की स्थापना पर संक्षिप्त टीप ।**
ब-**राष्ट्रीय संसाधन सूचना प्रणाली पर संक्षिप्त टीप ।**

परिषद द्वारा किये गये कार्यों से समिति अवगत हुई ।

कार्यसूची (15) **परिषद भवन निर्माण परिसर में स्थाई स्वत्व के जल प्रदाय व्यवस्था के अन्तर्गत बोअरवेल, सम्पवेल तथा पंपिंग की व्यवस्था ।**

प्रस्ताव का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया ।

उक्त विचार विमर्श एवं चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

(डॉ.एस.एन.द्विवेदी)
महानिदेशक

(नरेन्द्र नाहटा)
अध्यक्ष, कार्यकारी समिति

डॉ.आर.के.सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल